No - 46
Dt - 28.8.2019

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.),भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर में दिनांक 24-06-2019 को अपराह्न 2.30 बजे आयोजित की गयी 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :

1. प्रो. प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष
2. प्रो. अनूप कुमार , समन्वयक सदस्य
3. प्रो. गीतांजलि दाश ,अध्यक्ष , सामजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा विभाग
4. प्रो. गौरम्मा आई. पी. , अध्यक्ष, शिक्षा विभाग और वार्डन, गोपबंधु छात्रावास
5. प्रो. रमाकांत महालिक , वार्डन, होमी भाभा छात्रावास
6. डॉ. रश्मि रेखा सेठी , वार्डन, रामानुजन छात्रावास
7. सुश्री शम्पा दास , ग़ैर आवासी वार्डन, रामानुजन छात्रावास
8. डॉ. पुष्पलता नेगी , उप पुस्तकालयाध्यक्ष
9. श्री अखिलेश्वर मिश्र, प्रधानाध्यापक, प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय
10. श्री पंकज कुमार मिश्र , स्नातकोत्तर प्रशिक्षित हिन्दी अध्यापक
11. श्रीमती उषा कपूर , प्रशासनिक अधिकारी
12. श्री सुशांत कुमार राउत , अनुभाग अधिकारी (परिसर एवं कल्याण अनुभाग)

बैठक के आरंभ में, समन्वयक सदस्य प्रो. अनूप कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने सदस्यों को सूचित किया कि दि. 19.03.2019 को संपन्न 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त, समिति के समस्त सदस्यों को परिचालित कर दिया गया है। सदस्यों को जानकारी दी गयी कि संस्थान की वेबसाइट में प्रतिदिन एक हिंदी - अँग्रेज़ी शब्द डालने के सन्दर्भ में संबंधित लोगों से बात हो गयी है और शीघ्र ही उन लोगों द्वारा यह कार्य किया जाएगा । द्विभाषी मुहरों को बनाने के सन्दर्भ में परिसर एवं कल्याण अनुभाग के अनुभाग अधिकारी ने सूचित किया कि इस कार्य को किया जा रहा है । प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि कि पिछली बैठक के कई प्रस्तावों पर कार्रवाई की जानी है , जैसे सभी विभागों के त्रिभाषी साइन बोर्ड , मुख्य द्वारों पर नए त्रिभाषी साइन बोर्ड ,संस्थान के गेट सं. 1 और 3 में लगाये जाने एवं प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय के सामने बैनर लगाने के लिए स्टील फ्रेम , सभी कर्मचारियों के नए परिचय- पत्र बनाना । फानी चक्रवात से कई साइन बोर्ड ख़राब हो गए हैं । उनको नए सिरे से बनाने का कार्य किया जा रहा है । साथ ही , नए त्रिभाषी साइन बोर्ड को बनाने का कार्य किया जाएगा । प्रशासनिक अधिकारी ने अवगत कराया कि वर्ष 2019-20 की अवधि में किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के शीर्षकों को द्विभाषी करने करने हेतु परिषद् के हिन्दी प्रकोष्ठ भेजा गया है । प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि संस्थान की कई नाम पट्टिकाएं बिना मुझे दिखाए बना दी गयी हैं जिनमें कई अशुद्धियाँ हैं जिन्हें सुधारने की आवश्यकता है । भविष्य में जो नाम पट्टिकाएं , साइन बोर्ड आदि बनें ,पहले मुझे दिखा दिया जाए । बैठक में यह प्रस्तावित किया गया कि प्रतिनियुक्ति पत्र और संविदा आधारित नियुक्ति –पत्र द्विभाषी हों ।सदस्यों ने शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला के आयोजन की आवश्यकता बताई । यह प्रस्तावित हुआ कि यह कार्यशाला आयोजित की जाए जिसमें संस्थान और प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय के शैक्षणिक कर्मचारी भाग लेंगे ।श्री पंकज कुमार मिश्र से कहा गया कि वे शीघ्र ही समवेत तैयार करवा कर संबंधित जनों को दे दें ।

प्रो. प्रकाश चन्द्र अग्रवाल , प्राचार्य एवं सभापति ने सदस्यों को संबोधित करते कहा कि हम सभी को राजभाषा प्रयोग को अधिक से अधिक बढ़ावा देना चाहिए । अंत में , श्री पंकज कुमार मिश्र ने सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया ।

प्राचार्य 27.8.18

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.)

ज्ञापन सं.

प्रति प्रेषित: :

1.राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को। 2. प्रभारी , शैक्षणिक अनुभाग को ।

3.प्राचार्य के सहायक कार्यक्रम समन्वयक/ निजी सहायक को । 4. कार्यालय प्रति ।